# बिहार सरकार
## पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग

पत्रांक– पि0व0 / 7 / आ0क0वि0प्र0 एवं संधा0 / 39 / 24 / 2022– 822 पटना, दिनांक– 24/08/2022

प्रेषक,

पंकज कुमार, भा०प्र०से०
प्रधान सचिव।

सेवा में,

सभी जिला पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण पदाधिकारी,
बिहार।

**विषयः–** **जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास एवं अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालयों में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु ''जननायक पुस्तकालय एवं डिजिटल अध्ययन केंद्र'' विकसित करने के संबंध में।**

**प्रसंगः–** **विभागीय पत्रांक–पि0व0 / 7 / आ0क0वि0प्र0 एवं संधा0 / 39 / 24 / 2022–19, दिनांक–21.02.2022, विभागीय पत्रांक–पि0व0 / छात्रा0–45–04 / 2021–15, दिनांक–04.02.2022, विभागीय पत्रांक–पि0व0 / 4 / वि0यो0–22–05 / 2022–56, दिनांक–08.07.2022 एवं विभागीय पत्रांक–पि0व0 / छात्रा0–45–06 / 2021–1650, दिनांक–24.09.2021**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास एवं अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालयों में प्रसंगाधीन पत्र द्वारा पुस्तकालय की स्थापना हेतु निधि उपलब्ध कराई गई थी। इसके साथ ही साथ उत्प्रेरण एवं मार्गदर्शन, डिजिटल अध्ययन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ऑनलाईन कक्षा संचालन के संबंध में भी व्यवस्था की गई है। इन संस्थानों में आवासित छात्र / छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु पुस्तकालय में उत्कृष्ठ संस्थानों के पाठ्य–सामग्री भी उपलब्ध कराई गई है एवं मार्गदर्शन सत्र के तहत छात्र / छात्राओं को अपने पेशेवर क्षेत्रों में अपना जीवन वृत्ति (Career) बनाने हेतु ऑनलाईन पाठ्य सामग्री की विवरणी भी उपलब्ध कराई गई है। सभी जिले में कार्यालय के पत्रांक–1650, दिनांक–24.09.2021 द्वारा सभी संस्थानों में प्रेरणादायक मार्गदर्शन सत्र आयोजित करने से छात्र / छात्राओं में अनुकूल माहौल का संचार हुआ है। इन सभी कार्यक्रमों को समेकित कर राज्य में संचालित सभी जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास एवं अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालयों में **''जननायक पुस्तकालय एवं डिजिटल अध्ययन केंद्र''** के रूप में विकसित किया जाना है। इन केंद्रों के माध्यम से मुख्य रूप से निम्नांकित कार्यक्रम चलाए जायेंगे–

(क) प्रतियोगी एवं उच्च कोटि के पुस्तक एवं पाठ्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करना।

(ख) डिजिटल अध्ययन के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण अध्ययन एवं मार्गदर्शन सुनिश्चित करना।

(ग) प्रतियोगी परीक्षाओं में मार्गदर्शन करने वाले विशेषज्ञों, पूर्ववर्ती सफल छात्र / छात्राओं के माध्यम से प्रेरणादायक मार्गदर्शन सत्र आयोजित करना।

15

इस प्रकार इस केंद्र के माध्यम से शिक्षा के नवीनतम परिवेश में छात्रों को इन माध्यमों से उच्च कोटि के पठन सामग्री के साथ विशेषज्ञों की उपलब्धता सुदूरवर्ती क्षेत्रों में भी हो सकेगी।

अतः राज्य के सभी जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास एवं अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालयों में **"जननायक पुस्तकालय एवं डिजिटल अध्ययन केंद्र"** के रूप में विकसित करते हुए इस केंद्र के माध्यम से उपरोक्त कार्यक्रमों को सुदृढ़ करना सुनिश्चित की जाय।

अनु0— यथोक्त।

विश्वासभाजन,
24/08/2022
(पंकज कुमार)
प्रधान सचिव।

ज्ञापांक—पि0व0/7/आ0क0वि0प्र0 एवं संधा0/39/24/2022— 222 पटना, दिनांक— 24/08/2022

प्रतिलिपि— निदेशक, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग/सभी उप निदेशक, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण/सभी उप विकास आयुक्त, बिहार/सभी जिला पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

24/08/2022
प्रधान सचिव।